दिनांक 13.11.2026
प्रेस विज्ञप्ति 574/2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

एस0टी0एफ0–जनपद बलिया से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल जनपद सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार।

दिनांक 11–11–2026 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को थाना नगरा, जनपद बलिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0–193/2026 धारा–2/3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित रूपये 50,000/–के पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल को जनपद सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :–

मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल पुत्र सतेन्द्र प्रसाद, निवासी ग्राम व पोस्ट रूद्रवार, थाना सिकन्दरपुर, जनपद बलिया।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय :–

अशापुरी–2 लक्ष्मी नगर बड़रौली रोड पण्डेसरा, थाना पण्डेसरा, जनपद सूरत, गुजरात।

दिनांक 11–11–2026 को समय 12:15 बजे।

एसटीएफ उ0प्र0 को विगत काफी दिनों से फरार/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों के सम्बन्ध में सूचनाएँ प्राप्त हो रहीं थीं। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री प्रमेश कुमार शुक्ल, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ उ0प्र0 के पर्यवेक्षण में उप निरीक्षक श्री चन्द्रप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 11.11.2026 को एसटीएफ मुख्यालय स्थित टीम द्वारा थाना कोतवाली नगरा, जनपद बलिया उ0प्र0 पर पंजीकृत मु0अ0सं0–193/2026 धारा–2/3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 50,000/–रू0 का पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल की गिरफ्तारी हेतु अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इसी क्रम में उप निरीक्षक श्री चन्द्रप्रकाश मिश्रा, मुख्य आरक्षीगण कवीन्द्र साहनी, अवधेश

सिंह, मृत्युंजय सिंह, यशवंत सिंह व आरक्षी चालक मो0 नदीम की टीम जनपद सूरत गुजरात में भ्रमणशील थी। उसी दौरान मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल, अशापुरी–2 लक्ष्मी नगर बडरौली रोड पण्डेसरा, थाना पण्डेसरा, जनपद सूरत गुजरात में मौजूद है, अगर जल्दी की जाये तो पकडा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर, मुखबिर के बताये हुए स्थान पर पहुॅचकर, अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल ने पूछतांछ पर बताया कि मैं अपनी बुआ के लड़के मुन्ना (लिलकर) व पवन खरवार के साथ मिलकर जनपद बलिया में कैटर्स/वेटर एवं ऑटो चलाने का भी काम करता था। मैनें अपनी बुआ के लड़के के साथ एक मोटर साइकिल चोरी की थी। इसी मोटर साइकिल चोरी करने के दौरान पवन खरवार पकडा गया था तथा इसी की निशादेही पर मेरे पास से चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुयी थी, तथा हम लोगों के पास से चोरी की 05 अन्य मोटर साइकिलें भी बरामद हुयी थी। मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल को दिनांक 31.05.2026 को जिला कारागार जनपद मऊ में निरूद्ध किया गया तथा दो माह बाद जमानत पर जेल से छूटने के पश्चात थाना नगरा, जनपद बलिया में दर्ज गैंगेस्टर के मुकदमें में वांछित होने के कारण दिल्ली व गुजरात में छिपकर रह रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल उपरोक्त को थाना नगरा, बलिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0–193/2026 धारा–2/3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में थाना पण्डेसरा जनपद सूरत गुजरात में दाखिल कर मा0 न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सूरत गुजरात के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर जनपद बलिया भेजा जा रहा है। अग्रिम विधिक कार्यवाही सक्षम न्यायालय जनपद बलिया एवं थाना नगरा पुलिस के माध्यम से सम्पादित की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त मुन्ना गोड़ उर्फ चन्द्रमल उपरोक्त का ज्ञात आपराधिक इतिहास :–

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1.	98/2026	303(2)/317(2)/317(2),317(4),3(5) बीएनएस	नगरा	बलिया
2.	114/2026	303(2)/317(2)/317(2),317(4),3(5) बीएनएस	नगरा	बलिया
3.	130/2026	303(2)/317(2)/317(2),317(4),3(5) बीएनएस	कोतवाली	बलिया
4.	171/2026	303(2)/317(2)/317(2),317(4),3(5) बीएनएस	कोतवाली	बलिया
5.	193/2026	2/3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट	नगरा	बलिया

जनपद बस्ती/थाना कप्तानगंज

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की प्रिंटर मशीन बरामद**

दिनांक 13.11.2026 को थाना कप्तानगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त हरिओम उर्फ अभय को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की प्रिंटर मशीन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कप्तानगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बस्ती, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–हरिओम उर्फ अभय निवासी पूरे काशीराम थाना छावनी जनपद बस्ती।

बरामदगी

1–चोरी की प्रिंटर मशीन।

जनपद हरदोई/थाना कोतवाली देहात

- **पुलिस कार्यवाही में 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूट के 01 लाख 45 हजार 730 रूपये नगद**
- **04 मोबाइल फोन**
- **02 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 12/13.11.2026 की रात्रि थाना कोतवाली देहात व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नयागांव मोड़ पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी

आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–विजेन्द्र घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–शोभित 3–अंकुल 4–गंगेव सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 45 हजार 730 रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, 02 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–विजेन्द्र निवासी ग्राम रिक्खापुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

2–शोभित निवासी ग्राम उतरा थाना हरियावां जनपद हरदोई।

3–अंकुल निवासी ग्राम रिक्खापुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

4–गंगेव निवासी ग्राम रिक्खापुरवा थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई।

बरामदगी

1–लूट के 01 लाख 45 हजार 730 रूपये नगद।

2–04 मोबाइल फोन।

3–02 मोटर साइकिल।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद बहराइच/थाना पयागपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 14 हजार 500 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 12/13.11.2026 की रात्रि थाना पयागपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर

जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त बब्बू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 14 हजार 500 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना पयागपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पयागपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण, रूपया आदि उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बहराइच के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 25 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना पयागपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1—बब्बू निवासी बबया थाना पयागपुर जनपद बहराइच।

बरामदगी

1—चोरी के सफेद धातु के आभूषण।

2—चोरी के 14 हजार 500 रूपये नगद।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

———————